

# अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक की कलम से...

30 जून 2025

**प्रिय साथियो,**

अपनी सेवानिवृत्ति के अवसर पर यह संदेश लिखते हुए, मैं आप सभी के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करना चाहता हूँ। एनएचपीसी के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक के रूप में कार्य करना वास्तव में मेरी पेशेवर यात्रा का शिखर रहा है। ऐसे प्रतिभाशाली, जोशीले और समर्पित व्यक्तियों के साथ काम करना मेरे लिए बड़े सौभाग्य की बात है। चुनौतियों के निपटान से लेकर प्रमुख उपलब्धियों का जश्न मनाने तक, हमने उत्कृष्टता, लचीलेपन और नवोन्मेषी विरासत का निर्माण किया है। आपकी अटूट प्रतिबद्धता और जोश हमारी सामूहिक सफलता के पीछे की प्रेरक शक्ति रहे हैं। हमने मिलकर जो कुछ हासिल किया है, उस पर मुझे बहुत गर्व है और आप सभी के लिए भविष्य में जो है, उसे लेकर मैं और भी अधिक उत्साहित हूँ। मुझे विश्वास है कि आप सभी एनएचपीसी को गौरव की नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए सदैव प्रयासरत रहेंगे।

सभी निर्माणाधीन परियोजनाओं का कार्य संतोषजनक रूप से आगे बढ़ रहा है। इसके अलावा, कई परियोजनाओं के पाइपलाइन में होने की वजह से, मुझे पूरा विश्वास है कि एनएचपीसी 2031-32 तक 23000 मेगावाट कंपनी बनने के अपने लक्ष्य को अवश्य प्राप्त कर लेगी।

मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि बीकानेर स्थित 300 मेगावाट की करणीसर सौर ऊर्जा परियोजना में 5 जून 2025 को 53.57 मेगावाट के तीसरे चरण के सफल परीक्षण के बाद, इसकी सीओडी 07 जून 2025 से प्रभावी घोषित कर दी गई है। इसके अतिरिक्त, 53.57 मेगावाट के चौथे चरण का ट्रायल रन 29 जून 2025 को सफलतापूर्वक कर लिया गया है और 30 जून 2025 से सीओडी घोषित कर दिया गया, अब कुल 300 मेगावाट में से 214.28 मेगावाट कमीशनिंग हो चुका है।

आपके समर्पित और सतत प्रयासों से, सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना अब 750 मेगावाट की आंशिक कमीशनिंग के लिए तैयार है। आप सभी को, तथा विशेष रूप से सुबनसिरी लोअर परियोजना की पूरी टीम को उनकी उत्कृष्ट प्रतिबद्धता, लचीलेपन और अटल दृढ़ता के लिए मेरी अग्रिम हार्दिक शुभकामनाएं।

मुझे यह बताते हुए भी प्रसन्नता हो रही है कि एनएचपीसी ने 18 जून 2025 को 127.97 मिलियन यूनिट का अपना अब तक का सर्वाधिक दैनिक विद्युत उत्पादन हासिल किया है।

मुझे यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि एनएचपीसी को इसके सुदृढ़ वित्तीय निष्पादन को मान्यता देते हुए दलाल स्ट्रीट इन्वेस्टमेंट जर्नल द्वारा " नवरत्न ऑफ द इयर (मैनूफैक्चरिंग) 2024" से सम्मानित किया गया है और 3 जून 2025 को रोल ऑफ ऑनर सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया है।

मुझे यह बताते हुए बेहद प्रसन्नता हो रही है कि एनएचपीसी को 'यूज ऑफ गेम्स एंड सिमुलेशन इन एल एंड डी' के लिए ईटी एचआर वर्ल्ड फ्यूचर स्किल्स अवार्ड 2025 का 'स्पेशल ज्यूरी अवॉर्ड' प्रदान किया गया है। यह पुरस्कार 11 जून 2025 को मुंबई में प्रदान किया गया।

एनएचपीसी द्वारा दिनांक 6 जून, 2025 को चंडीगढ़ में 'उत्तरी क्षेत्र के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए क्षेत्रीय विद्युत मंत्रियों का सम्मेलन' सफलतापूर्वक आयोजित किया गया । इस सम्मेलन की अध्यक्षता श्री मनोहर लाल, माननीय केंद्रीय विद्युत और आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री ने की । सम्मेलन के दौरान श्री पंकज अग्रवाल ,सचिव (विद्युत), विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार भी मौजूद रहे।

मुझे 18 जून, 2025 को नई दिल्ली में आयोजित प्रतिष्ठित 'इकोनॉमिक टाइम्स इंडिया नेट जीरो फोरम 2025' को संबोधित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। अपने संबोधन में मैंने इस बात का उल्लेख किया कि विकास और संधारणीयता, संवृद्धि और जिम्मेदारी में संतुलन होना चाहिए और नेट ज़ीरो उत्सर्जन प्राप्त करना केवल उत्सर्जन को कम करने के बारे में नहीं है, बल्कि एक हरित भविष्य के लिए हमारी ऊर्जा प्रणालियों, उद्योगों, शहरों और जीवन शैली की पुनर्कल्पना करना भी है।

**जून माह 2025 की प्रमुख उपलब्धियां**

- जून 2025 के लिए एनएचपीसी का राजस्व ₹ 665.86 करोड़ रहा और एनएचपीसी के सभी स्टेशनों से संचयी विद्युत उत्पादन 3282.6 MUs एमयू था।
- एनएचपीसी ने संयुक्त उद्यम मोड में भारत और विदेशों में पीएसपी तथा अन्य आरई परियोजनाओं के विकास के लिए सहयोग व अवसरों की खोज के लिए 27 जून, 2025 को आईओसीएल के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- एनएचपीसी कार्मिकों के परिवारों में राजभाषा के प्रयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 25 जून, 2025 को एनएचपीसी आवासीय परिसर, फरीदाबाद में महिलाओं के लिए हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता और बच्चों के लिए विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।
- एनएचपीसी महिला इंजीनियरों की एक टीम ने इंटरनेशनल डे ऑफ विमेन इन इंजीनियरिंग के अवसर पर 23 जून, 2025 को गुरुग्राम (एनसीआर) में आयोजित 'टनलफ़ेम-2025' में भाग लिया।
- एनएचपीसी ने श्री उत्तम लाल निदेशक (कार्मिक) एनएचपीसी की उपस्थिति में भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) मुख्यालय, नई दिल्ली में 16 जून 2025 को एक प्रमुख सीएसआर पहल - "शक्ति साधना - खेल प्रतिभा के लिए भारोत्तोलकों को सशक्त बनाना" को शुरू करने के लिए राष्ट्रीय खेल विकास कोष (एनएसडीएफ) और एसएआई के साथ त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।
- मैंने श्री आर.पी. गोयल, निदेशक (वित्त), श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (परियोजनाएं) और श्री सुप्रकाश अधिकारी, निदेशक (तकनीकी) के साथ 21 जून, 2025 को नई दिल्ली में श्री मनोहर लाल, माननीय केंद्रीय विद्युत और आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री, भारत सरकार के नेतृत्व में " योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ" थीम के अंतर्गत 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह में भाग लिया।
- एनएचपीसी ने 5 जून 2025 को अपने निगम मुख्यालय, क्षेत्रीय कार्यालयों, पावर स्टेशनों, परियोजनाओं और यूनिटों में बड़े उत्साह के साथ विश्व पर्यावरण दिवस 2025 मनाया।
- एनएचपीसी ने कार्मिकों के बच्चों के लिए 'तेजस्व – क्विज' के दूसरे संस्करण का सफलतापूर्वक आयोजन किया, जिसका उद्घाटन श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक),एनएचपीसी ने किया।

मुझे विश्वास है कि हमने जो विकास गति बनाई है, वह एनएचपीसी को और भी अधिक ऊंचाइयों तक ले जाएगी। मैं आप सभी को एनएचपीसी की प्रगति के प्रति प्रतिबद्ध रहने, हमारी संस्था को परिभाषित करने वाले मूल्यों को दृढ़तापूर्वक बनाएं रखने के साथ विकास के नए अवसरों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता हूँ।

आपके अटूट समर्थन, सहयोग और आप सबकी अनगिनत यादों के लिए धन्यवाद। हालाँकि मैं सेवानिवृत्ति की ओर कदम बढ़ा रहा हूँ, लेकिन एनएचपीसी और एनएचपीसी परिवार के साथ मेरा रिश्ता दृढ़ और स्थायी बना रहेगा।

मैं गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर आपको हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ। मैं आपके और आपके परिवार के लिए निरंतर सफलता और पूर्णता की कामना करता हूँ।

आपका,

रा० कु० चौधरी

**(आर.के. चौधरी)**
**अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक**